प्रेषक

निदेशालय उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

1. राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के एन0एस0एस0 कार्यक्रम समन्वयक
2. राज्य के सभी जिला एन0एस0एस0 कार्यक्रम समन्वयक

यादी क्रमांकः– 24/1-2023 NSS (3)
दिनांक, पंचकूलाः– 18/05/2023

विषयः– **भविष्य में आयोजित होने वाले एन0एस0एस0 शिविरों के आयोजन के दौरान महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर ध्यान देने बारे।**

....

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में वित्त वर्ष 2023–24 के राज्य सरकार द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाले 5 राष्ट्रीय एकता शिविरों, 5 राज्य स्तरीय शिविरों तथा जिला स्तरीय शिविरों के आयोजन के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान देना सुनिश्चित करें किः–

1. शिविर के दौरान फलैक्स बैनर के स्थान पर कपड़े से बनाये गये बैनरों को प्राथमिकता दी जाए।
2. शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन हेतू विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिये कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वंयसेवकों के समन्वय से विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाये।
3. प्रत्येक शिविर में स्वंयसेवकों के भोजन के दौरान प्लास्टिक/डिस्पोजल प्लेट व गिलास/अतिथियों के लिये पानी बोतल इत्यादि का इस्तेमाल प्रतिबन्धित है।
4. शिविर के दौरान भोजन बनाने में स्वंयसेवकों का सहयोग भी लिया जा सकता है जो कि स्वंयसेवकों के होम नर्सिंग स्किल के अंर्तगत किया जा सकता है।
5. शिविर के दौरान धूम्रपान, नशा इत्यादि की रोकथाम पर विशेष ध्यान दिया जाये।
6. शिविर के दौरान संस्कृतिक कार्यक्रमों में देश भक्ति तथा सांस्कृतिक गीतों को प्राथमिकता दी जाये। शिविर के दौरान प्रतिदिन सांयकाल सांस्कृतिक व लोकनृत्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये।
7. प्रतिभागियों को इतिहास व संस्कृति की जानकारी करवाने हेतू देश भक्ति फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जा सकता है।
8. शिविर के दौरान स्वंयसेवक मोबाईल का इस्तेमाल कम से कम समय करें व मोबाईल का प्रयोग केवल आवासीय क्षेत्र में ही किया जाये।
9. शिविरों में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को प्रतिदिन सोशल मीडिया (Twitter, Facebook, You Tube etc.) पर रिपोर्ट/फोटाग्राफ/जानकारी अपलोड करना सुनिश्चित करें। शिविर की गतिविधियों का प्रकाशन समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाए।
10. प्रत्येक शिविर में स्वंयसेवकों के रात्रि ठहराव की उचित व्यवस्था की जाये तथा सुनिश्चित किया जाये कि शौचालय व स्नान क्षेत्र की साफ–सफाई की उचित व्यवस्था हो।
11. विद्यार्थियों के रहन सहन व सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो।
12. शिविरों के आयोजन के दौरान सुरक्षा के मददेनजर स्थानीय प्रशासन को भी सूचित करें।

18/5/23

राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
कृते निदेशालय उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

पृ0 क्रमांक : सम
दिनांक पंचकूलाः 18/05/2023

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्रवाई हेतू भेजी जाती हैः–

1. सभी एन0एस0एस0 कार्यक्रम अधिकारी।
2. इंचार्ज, आई0टी0 सैल, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा को वेब पोर्टल पर अपलोड करने हेतू प्रेषित है।

18/5/23

राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
कृते निदेशालय उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।